हर समय बिजली सप्लाई प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे : मुकेश गर्ग

जगाधरी/राजकुमार शर्मा : बिजली वितरण संबंधित समस्याओं को दूर करने की चर्चा करने को लेकर जगाधरी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री व लघु उद्योग भर्ती बैठक निजी होटल में की गई। हरियाणा राज्य विद्युत रैगुलेटरी कमीशन के सदस्य मुकेश गर्ग मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने बिजली वितरण से संबंधित जानकारी दी। लघु उद्योग भारती के मार्गदर्शक सुधीर चंद्रा, रमन सलूजा, वरिंदर मेहंदीरत्ता ने उनका स्वागत किया। चैंबर प्रधान वरिंदर मेहंदीरत्ता ने मुख्यातिथि को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उनका स्वागत किया गया। वरिंदर मेहंदीरत्ता ने बताया कि बिजली वितरण व्यापारी वर्ग को प्रभावित करता है, इसलिए इस प्रकार की मीटिंग का विशेष महत्व है।

सत्तारूढ़ दल भाजपा पार्षदों के साथ यह क्या हो रहा, पहले नाराजगी, फिर समझौता

गाजियाबाद/भूपेंद्र तालान : प्रदेश में भाजपा सरकार होने के बाद भी सत्तारूढ़ दल भाजपा के पार्षदों के साथ आखिर यह क्या हो रहा है। भाजपा पार्षद को जहां पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। वहीं,जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स और भाजपा पार्षद के बीच शुक्रवार को बहस हो गई। हालांकि पहले नाराजगी और फिर एक से दो घंटे बाद ही समझौता हो गया। बता दें कि साहिबाबाद क्षेत्र के मोहननगर से वार्ड-28 के भाजपा पार्षद सुधीर कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजे जाने का मामला जहां सुर्खियां बना हुआ है। वहीं,शुक्रवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स से इंदिरापुरम के वार्ड-99 वैभव खंड की भाजपा पार्षद प्रीति जैन पति अभिनव जैन और अपने दर्जनभर से अधिक समर्थकों के साथ इंदिरापुरम के तिकोना पार्क की समस्या बताने के लिए पहुंची थीं। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बड़े ही सौम्य भाव से पार्षद की समस्या सुनीं,मगर पार्षद ने तेज आवाज में अपनी बात कहना शुरू कर दिया। इस पर जीडीए उपाध्यक्ष ने उन्हें इस तरह से ऊंची आवाज में निगम सदन में अपनी बात रखने की बात कहीं। उन्होंने महापौर सुनीता दयाल को भी पार्षद के इस व्यवहार से अवगत कराया। महापौर ने आश्वासन दिया कि इस मामले में पार्षद से बात की जाएगी। वहीं,पार्षद प्रीति जैन ने भी महापौर को आपबीती बताई। पार्षद ने बताया कि उनके वार्ड में दो पार्क हैं। पार्क की देखभाल नहीं की जा रही। सिंचाई बिना पौधे और घास सूख रहीं है। इसकी शिकायत करने के लिए वह वार्ड के कुछ लोगों के साथ जीडीए उपाध्यक्ष से मिलने पहुंची थी। उन्होंने आरोप लगाया कि जीडीए उपाध्यक्ष ने शिकायत की अनदेखी कर दी। उस पर कोई सुनवाई नहीं की। इस बात से खफा होकर पार्षद प्रीति जैन पति अभिनव जैन समर्थकों के साथ नगर निगम मुख्यालय में पहुंचे।

साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें, नालियां, साफ-सफाई रखें दुरूस्त : मयूर माहेश्वरी

गाजियाबाद/भूपेंद्र तालान : साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों की सुविधा के लिए सड़कों, नाले-नालियों को दुरूस्त रखने के साथ ही साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। यह बातें शुक्रवार को उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा)के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र का औचक निरीक्षण करने के दौरान अधिकारियों से कहीं। निरीक्षण के दौरान यूपीसीडा के महाप्रबंधक सिविल,उप महाप्रबंधक, क्षेत्रीय प्रबंधक प्रदीप कुमार सत्यार्थी,वरिष्ठ प्रबंधक विद्युत, नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अरूण यादव, विद्युत वितरण खंड द्वितीय के चीफ इंजीनियर अजय कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों, नालियों, कूड़ेदान, अतिक्रमण और विद्युत संबंधी कार्यों का जायजा लिया। इसके बाद साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक चौधरी के नेतृत्व में पदाधिकारियों और उद्यमियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

यमुना एक्सप्रेसवे पर कार ने ट्रॉली को मारी टक्कर, मां-बेटी को पुलिस ने किया रेस्क्यू

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

हादसे का दृश्य।

नई दिल्ली : ग्रेटर नोएडा के यमुना एक्सप्रेस वे पर दिल्ली वापस आने के लिए चढ़ने वाले रैंप पर एक तेज रफ्तार क्रेटा कार ने आगे चल रहे ट्रैक्टर ट्राली में जबरदस्त टक्कर मार दी। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार मां बेटी भी गाड़ी में फंस गए। सूचना पर पहुंची दनकौर थाना पुलिस ने कार में फंसी मां बेटी को स्थानीय लोगों के साथ कड़ी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर बाहर निकाला। इसके लिए गाड़ी के दरवाजे को रस्सी से बांधकर खोलना पड़ा। रेस्क्यू के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। ये घटना 23 मई की सुबह के समय हुई थी। फिलहाल अब मां बेटी को हालत ठीक बताई जा रही है और उन्हें उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया। पुलिस के मुताबिक 23 मई की सुबह 7 के आसपास दिल्ली में रहने वाली मां-बेटी अपनी क्रेटा कार से ग्रेटर नोएडा से वापस दिल्ली जा रही थीं। उन्होंने यमुना एक्सप्रेसवे पर चढ़ने के लिए रैंप का इस्तेमाल किया। इसी दौरान आगे जा रहे ईंट से ओवरलोडेड ट्रैक्टर ट्राली को कार ने तेज रफ्तार में पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गाड़ी के सभी एयर बैलून खुल गए और गाड़ी का इंजन बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में कार के अंदर मौजूद मां और बेटी दोनों फंस गए। चीख पुकार मचाते ही आसपास भीड़ जमा हो गई और पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

नशीला पदार्थ सुंघाकर लूटा ई-रिक्शा, मोबाइल

गाजियाबाद/भूपेंद्र तालान : शालीमार गार्डन क्षेत्र के शिव चौक के लिए मोहननगर से ई-रिक्शा बुक करने के बाद सवारी बन बैठा बदमाश नशीला पदार्थ सुंघाने के बाद साथी के साथ मिलकर ई-रिक्शा और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने उसे जिला एमएमजी अस्पताल में भर्ती कराया। 24 घंटे बाद होश में आने पर पीड़ित ने अपने साथ ही हुई घटना का जिक्र किया। पीड़ित ने शालीमार गार्डन थाने में मामले की शिकायत की है। शालीमार गार्डन थाना प्रभारी नरेंद्र कुमार का कहना है कि शिकायत मिलने पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखी जा रही है,जिससे आरोपियों का कुछ पता चल सके। पहचान होने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। करहेड़ा स्थित सिटी फॉरेस्ट के पास गौशाला रोड पर रहने वाला विकास सिंह ई-रिक्शा चलाता है। विकास सिंह के बड़े भाई कुलदीप ने बताया कि विकास रोजाना की तरह 14 मई को भी अपना ई-रिक्शा लेकर घर से निकला था और फिर दोपहर में तीन बजे के आसपास उसे किसी व्यक्ति ने फोन पर सूचना दी कि उनका भाई शिव चौक के पास अचेत पड़ा हुआ है। वह मौके पर पहुंचे और भाई को जिला अस्पताल ले गए,जहां अगले दिन होश में आने पर विकास ने उन्हें बताया कि कटोरी मिल के पास एक युवक ने उसे शिव चौक जाने के लिए 300 रुपए में बुक किया था। शिव चौक पर पहुंचने के दौरान उसका एक साथी और मिला और फिर उन्होंने उनके मुंह पर कपड़ा रख दिया। जिससे वह बेहोश हो गए। आरोपी उनका ई-रिक्शा व मोबाइल लेकर फरार हो गए। इसके बाद क्या हुआ उन्हें कुछ नहीं पता। कुलदीप ने बताया कि 16 मई को डिस्चार्ज होने के बाद उनके भाई ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वह मूलरूप से गढ़ मुक्तेश्वर क्षेत्र के रहने वाले हैं और लगभग छह साल से यहां रह रहे हैं।

विस अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने जन्मदिन पर मांगा पार्टी के लिए वोटों का उपहार

पिछले साल अपने जन्मदिन पर हवन-यज्ञ करते विधानसभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता।

पंचकूला/चंद्र शेखर धरणी : हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने 25 मई को अपने जन्मदिन पर लोगों से भाजपा के लिए वोट का उपहार मांगा है। गुप्ता ने कहा कि हर साल बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और समर्थक उनके निवास पर उन्हें शुभकामनाएं देने पहुंचते हैं, लेकिन इस बार उनका आग्रह है कि वे सभी पोलिंग बूथों पर मुस्तैद होकर भाजपा के पक्ष में वोट करें और करवाएं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करना ही उनके लिए जन्मदिन का सबसे बड़ा तोहफा होगा। प्रेस को जारी एक वक्तव्य में गुप्ता ने कहा कि एक पारिवारिक परंपरा के तहत वे हर साल 25 मई को जन्मदिन के अवसर पर हवन-यज्ञ करते हैं, मंदिर जाते हैं और उसके बाद अपने शुभचिंतकों के बीच रहते हैं। इस बार उनके जन्मदिन का संयोग मतदान के दिन पर बना है इसलिए पार्टी के पक्ष में मतदान करना और करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा अनुष्ठान होगा। उन्होंने बताया कि वे सुबह 7 बजे पंचकूला के सैक्टर-17 स्थित विजय पब्लिक स्कूल में परिवार सहित मतदान करेंगे। इसके बाद दिनभर अलग-अलग बूथों पर जाकर कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करेंगे। शाम 6 से 7 बजे तक वे पंचकूला स्थित अपने आवास पर शुभचिंतकों के साथ जन्मदिन मनाएंगे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं, मित्रों और रिश्तेदारों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार का उपहार न लाएं। भाजपा के पक्ष में मतदान करवाना ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार हैं और वे शिद्दत से यही उपहार उन्हें भेंट करें।

ऋण वसूली न्यायाधिकरण-I, दिल्ली

चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001

TA No. 1903/2022
स्टेट बैंक ऑफ इंडिया
विरुद्ध
मैसर्स श्रेयांश कुमार प्रत्यक्ष कुमार एवं अन्य

सेवा में,
(1) **मैसर्स श्रेयांश कुमार प्रत्यक्ष कुमार,** प्रोप सुश्री ज्योति रानी के माध्यम से, 4382, गली बाहुजी, कटरालोकराम, पहाड़ी धीरज नॉर्थ, दिल्ली -110006
(2) **मेसर्स ज्योति रानी,** मेसर्स श्रेयांश कुमार प्रत्यक्ष कुमार की पत्नी, श्री मनोज कुमार, 4382, गली बहूजी, कटरा लोकराम, पहाड़ी धीरज, दिल्ली-110006

जबकि उपरोक्त नामक आवेदक ने आपके विरुद्ध **रु. 23,74,661/- (रुपये तेईस लाख चौहत्तर हजार छः सौ इकसठ मात्र)** की वसूली के लिए एक वाद स्थापित किया है तथा जबकि न्यायाधिकरण को संतोषप्रद रूप से यह दर्शाया जा चुका है कि आपको साधारण रूप से सूचना दिया जाना संभव नहीं है। इसलिए, विज्ञापन के रूप में इस सूचना के माध्यम से आपको दिनांक **06-09-2024** को पूर्वा. 10.30 बजे **विद्वान रजिस्ट्रार** के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया जाता है (अतिरिक्त विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in देखें फोन नंबर 011-23748473)।

ध्यान दें कि यदि आप उपरोक्त तिथि को इस न्यायाधिकरण के समक्ष उपस्थित नहीं होंगे, वाद की सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

वैश्विक महामारी की वर्तमान स्थिति के कारण, सभी मामलों की सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जाएगी और उस प्रयोजन हेतु :- सभी अधिवक्ता/विवादी **"Cisco Webex"** ऐप्लीकेशन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे; रजिस्ट्रार/ वसूली अधिकारी-।/तथा वसूली अधिकारी-।। द्वारा मामलों की सुनवाई की अगली तिथि हेतु **"Meeting ID"** तथा **"Password"** अगली तारीख से एक दिन पहले डीआरटी के आधिकारिक पोर्टल नामतः **"drt.gov.in"** पर सार्वजनिक सूचना शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध होगा। किसी कार्याधिक्य की स्थिति में, अधिवक्ता/विवादी संबंधित पदाधिकारी से फोन नंबर 011-23748473 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और इस न्यायाधिकरण की मोहर के तहत **26 अप्रैल 2024** को दिया गया।

इस न्यायाधिकरण के आदेश द्वारा, सहायक रजिस्ट्रार

प्रतिवादी आगे पूछताछ के लिए नीचे लिखे नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं।
विद्वान रजिस्ट्रार, डीआरटी-। फोन नंबर 011-23748473, ईमेल: **drt1delhi-dfs@nic.in**

STATE BANK OF INDIA | सदर बाजार शाखा सिरसा-14635

(नियम-8(1) कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए)

जबकि अधोहस्ताक्षरी वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 की संख्या 3) के तहत और धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, **भारतीय स्टेट बैंक** का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के तहत, यहां उल्लिखित तिथि पर ऋणदाता(ओं)/ग्रांटर(ों) को एक डिमांड नोटिस जारी किया गया, जिसमें ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों) को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, संबंधित डिमांड नोटिस की उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया है।

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने नीचे वर्णित संपत्तियों पर कब्जा कर लिया है। नीचे दिए गए खातों के सामने उल्लिखित तिथि पर सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) के तहत उसे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए।

विशेष रूप से ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों) और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति/संपत्तियों के साथ लेनदेन न करें और संपत्तियों के साथ कोई भी लेनदेन **भारतीय स्टेट बैंक, सदर बाजार शाखा सिरसा-14635** के प्रभार के अधीन होगा। नीचे दिए गए विवरण के अनुसार प्रत्येक के सामने निर्दिष्ट राशि के लिए वसूली की राशि, यदि कोई हो, और उस पर भविष्य का ब्याज, व्यय, लागत, घटा दी जाएगी।

सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में उधारकर्ता/गारंटरों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।

ऋणदाता(ों)/ग्रांटर(ों) का नाम	अचल सम्पत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि	कब्जा नोटिस की तिथि	डिमांड नोटिस के अनुसार बकाया राशि
1. मैसर्ज कैपिटल इंटरप्राइसेज, गली लेख सिंह वाली, शिव चौक, सिरसा इसके **प्रो. श्री गुलशन कुमार कालड़ा पुत्र श्री आत्म प्रकाश कालड़ा** को माध्यम से मकान नं. 634 गली लेख सिंह वाली, नजदीक शिव चौक सिरसा **(ऋणदाता), 2. श्री संजय कालड़ा पुत्र श्री आत्म प्रकाश कालड़ा** मकान नं. 740/2, गली लेख सिंह वाली, नजदीक शिव चौक, सिरसा **(ग्रांटर)**	प्लॉट संख्या 1815 के भाग (पश्चिमी) पर निर्मित हाउस टैक्स संख्या 7/740/2 वाला एक मकान, जिसका माप 183.5 वर्ग गज है, जो 367 वर्ग गज संपत्ति का 1/2 हिस्सा है, मोहल्ला राजपुताना, गली लेख सिंह वाली, सिरसा तहसील और जिला सिरसा में, सिरसा की नगरपालिका सीमा के भीतर, हस्तांतरण विलेख संख्या 7539 दिनांक 25.09.2018 और 7540 दिनांक 25.09. 2018 के अनुसार, श्री गुलशन कुमार और संजय कुमार दोनों पुत्रों श्री आत्म प्रकाश कालरा निवास सिरसा के नाम पर उप रजिस्ट्रार, सिरसा के कार्यालय में पंजीकृत है, जिसकी सीमा निम्नानुसार है	06.01.2024	22.05.2024	तिथि 0601.2024 को रु. 16,46,854.00/- वसूली की कम राशि, यदि कोई हो, प्लस ब्याज और उस पर अन्य शुल्क/व्यय, लागत

(मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार) पूर्व- देस राज का घर माप 64'1'', पश्चिम-राम रख का घर माप 61'5'', उत्तर-दर्शन राम का घर माप 52'5'', दक्षिण-गली लेख सिंह वाली माप 52'11''

तिथि 25.05.2024 **स्थान: सिरसा** **प्राधिकृत अधिकारी**

चुनाव निष्पक्ष करवाने में पोलिंग पार्टियां निभाएं अहम भूमिका : सहायक रिटर्निंग अधिकारी

करनाल/आशुतोष गौतम : सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं इंद्री के एसडीएम अशोक कुमार ने 25 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव के दृष्टिगत इंद्री विधानसभा क्षेत्र में चुनाव को निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाने के लिए शुक्रवार को एस डी सीनियर सेकेंडरी स्कूल करनाल में पोलिंग पार्टियों को ईवीएम से मतदान करवाने का अंतिम पूर्वाभ्यास करवाया तथा पोलिंग पार्टियों को चुनाव सामग्री वितरित करके अपने-अपने मतदान केंद्र के लिए रवाना किया। इस मौके पर जनरल ऑब्जर्वर ई रवीन्द्रन व सीइओ जिला परिषद विवेक चौधरी तथा मास्टर ट्रेनर अमरजीत उपस्थित रहे। उन्होंने पोलिंग पार्टियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर आज शाम को ही मतदान प्रक्रिया से संबंधित सभी आवश्यक प्रबंधों को सुनिश्चित करें तथा वहीं पर रात्रि ठहराव करेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे पीने का पानी, शौचालय, शैड, दिव्यांगों के लिए रैंप, व्हीलचेयर के साथ-साथ गर्मी को देखते हुए मेडिकल किट व ओआरएस उपलब्ध करवाए गए हैं। उन्होंने बताया कि मतदान 25 मई को प्रातः 7 बजे शुरू हो जाएगा इसलिए सुबह 6 बजे पोलिंग एजेंटों की उपस्थिति में मॉक पोल की प्रक्रिया को अवश्य करें। उन्होंने बताया कि मतदान प्रक्रिया सायं 6 बजे तक चलेगी। किसी भी बूथ पर ईवीएम 6 बजे से पहले बंद नहीं होने चाहिए, 6 बजे तक जितने भी मतदाता लाइन में लगे हों उन सभी की वोट अवश्य करवाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि चुनाव से संबंधित सभी अधिकारी व कर्मचारी अपनी ड्यूटी को पूरी निष्ठा से करें व निष्पक्ष चुनाव करवाने में अहम भूमिका निभाएं तथा किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर सेक्टर सुपरवाइजर को सूचित करें।

उज्ज्वल भविष्य व लोकतंत्र की मज़बूती के लिए मतदान करें : श्रवण

इन्द्री/अनेजा : सामाजिक संस्था नैशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ़ आर्टिस्ट एंड एक्टिविस्ट्स निफा शाखा इन्द्री के सदस्यों ने हर्बल पार्क में वोटर जागरुकता अभियान चलाया।अभियान के दौरान पार्क में सैर व योगा करने वाले नागरिकों को मतदान के लिए प्रेरित किया गया। निफा सदस्यों ने हाथों में मतदान जागरुकता वाले बैनर व नारे लिखी तख्तियां ले रखी थी। इस अवसर पर मैं हूं लोकतंत्र प्रहरी सेल्फी बूथ पर सैकडों की संख्या में लोगों ने अपनी फोटो ली व लोकतंत्र के इस पर्व को मतदान करके मनाने का संकल्प लिया। सेल्फी बूथ पर फोटो लेने व मतदान का संकल्प करने वाले सभी नागरिकों को निफा सदस्यों द्वारा बैज लगाकर सम्मानित किया गया।निफा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डा. सुरेंद्र दत्त ने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार है इसलिए सभी का कर्तव्य है कि परिवार सहित अपने मत का प्रयोग अवश्य करे। निफा प्रदेशाध्यक्ष श्रवण शर्मा ने कहा कि विगत चुनावों में करनाल में प्रदेश का सबसे कम मतदान हुआ था, लेकिन इस बार अपने कर्तव्य को निभाते हुए शत प्रतिशत मतदान करना होगा। अपने देश के उज्ज्वल भविष्य व लोकतंत्र की मज़बूती के लिए सभी मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करे।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: प्लॉट नं. 7, द्वितीय मंजिल, ब्लॉक-एन, सैक्टर-18, नोएडा, यूपी-201301

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **प्रतिकात्मक कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	अर्चना (ऋणदाता) उमा शंकर (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHGHZ00001335347 & LHGHZ00001335739	फ्लैट नं. 317, 16वीं पार्क व्यू, टॉवर बी, गौर यकुना सिटी पॉकिट 3, मिर्जापुर साइट येइदा यमुना एक्सप्रैसवे ग्रोटर नोएडा, यूपी नोएडा-201307	रु. 32,50,644/-, 16, मई 2024	रु. 39,68,280/- रु. 3,96,830/-	18 जून 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	28 जून 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **27 जून, 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 7, द्वितीय मंजिल, ब्लॉक-एन, सैक्टर-18, नोएडा, यूपी-201301** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 27 जून, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, प्लॉट नं. 7, द्वितीय मंजिल, ब्लॉक-एन, सैक्टर-18, नोएडा, यूपी-201301** में या **27 जून, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **नोएडा** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: मई 25, 2024
स्थान: नोएडा

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड

दून पब्लिक स्कूल के पांच बच्चों का अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेलों में चयन

उत्तम हिन्दू न्यूज नेटवर्क

इन्द्री/अनेजा : हरियाणा के गांवों के युवाओं में भी प्रतिभाओं की कमी नहीं है। कमी है तो उस प्रतिभा के हूनर को निखारने की। इन प्रतिभाओं को समय रहते निखारा गया तो वो देश का नाम पूरे विश्व में चमका सकते है। ऐसा ही एक उदाहरण जिला करनाल के इन्द्री विधानसभा के गांव भादसों, सरवन माजरा, हैबतपुर व लाड़वा हल्के के नया गांव में देखने को मिला जहां स्कूली बच्चों ने अपनी खेल प्रतिभा के बल पर पहले राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा को दिखाया ओर अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी धाक जमाने की तैयार कर ली है। ये सभी बच्चें लाड़वा के दून पब्लिक स्कूल में विभिन्न कक्षाओं में शिक्षा ग्रहण कर रहे है। इन बच्चों ने कुछ समय पहले बैल्ट रैसलिंग व मास रैंसलिग में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन प्रदर्शन अगले माह रूस के शहर यकुतसक में 25 जून से 7 जुलाई तक होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का कर लिया है। बच्चों की इस उपलब्धि पर पूरे स्कूल में खुशी का माहौल है। आज इसी को लेकर स्कूल प्रशासन द्वारा एक प्रैस कांफ्रेस का आयोजन किया गया जिसमें इन बच्चों को स्कूल प्रशासन की ओर से शुभकामनाएं देते हुए सम्मानित किया गया। इस मौके पर बच्चों के अभिभावक भी मौजूद रहे। आज हुई प्रैस कांफ्रेस में मुख्यातिथि के रूप में हरियाणा सरकार के मनोनीत एएजी भगवत दयाल शर्मा ने शिरकत की। इस अवसर पर स्कूल के चेयरमैन केके गर्ग, एटीएसएच के प्रैजीडैंट राकेश खुराना, स्कूल प्रिंसीपल ड़ा. अनीता शर्मा, डायरैक्टर प्रो. विवेक शर्मा, एटीएसएच केपीआरओं अमित सिंघल व एटीएसएच के जनरल सचिव व इंड़िया टीम के कोच सतविन्द्र सिंह विशेष रूप से मौजूद रहे।

कार्यक्रम में पहुंचनें पर मुख्यातिथि को बुके देकर सम्मानित किया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्कूल के चेयरमैन केके गर्ग, स्कूल प्रिंसीपल ड़ा. अनीता शर्मा, डायरैक्टर प्रो. विवेक शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि यह हमारे लिए बड़े गर्व की बात है कि स्कूल के पांच बच्चों का बैल्ट रैसलिंग व मास रैसलिंग में चयन होने से स्कूल में खुशी का माहौल बना हुआ है। अब ये खिलाड़ी बच्चें रूस में होने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

फरीदाबाद में एक ही परिवार के 6 लोगों ने किया आत्महत्या का प्रयास

बुज़ुर्ग व्यापारी श्याम गोयल की मौत

फरीदाबाद/उत्तम हिन्दू न्यूज : हरियाणा के फरीदाबाद से बड़ी खबर सामने आयी है। रात को सैक्टर-37 में एक व्यापारी व उसके परिवार के 5 अन्य सदस्यों ने सुसाइड के लिए अपने हाथ की नसें काट ली। इससे उनका खून बह गया। रात को ही सभी को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां पर बुजुर्ग व्यापारी श्याम गोयल की मौत हो गई। अन्य पांच का अभी इलाज चल रहा है। पुलिस मामले में जांच में जुटी हुई है। जानकारी के मुताबिक फरीदाबाद में सैक्टर-37 में डीएवी स्कूल के सामने रहने वाले श्याम सुंदर का चांदनी चौक में देसी घी का कारोबार है। कुछ लोग आधी रात को लोन की वसूली के लिए उनके घर पहुंचे, जिससे तंग होकर व्यापारी ने दर्दनाक कदम उठाया। इसके बाद परिवार के सभी सदस्यों ने अपने हाथ की नस काट ली। इसमें परिवार के मुखिया श्याम गोयल की मौत हो गई। परिवार के 5 अन्य सदस्यों साधना गोयल (67), अनिरुद्ध गोयल (45), निधि गोयल (42), धनंजय गोयल (19), हिमांक गोयल (15) का सैक्टर-21 स्थित निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। फिलहाल पुलिस परिवार के बयान के आधार पर आगामी कार्रवाई करेगी।

ICICI Home Finance

कॉर्पोरेट कार्यालय: आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड आईसीआईसीआई एचएफसी टॉवर अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई-400059, इंडिया
शाखा कार्यालय: ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058

(नियम 8 (6) का परंतुक देखें)
अचल संपत्तियों की बिक्री हेतू सूचना

सुरक्षाहित (प्रवर्तन) नियमों 2002 के नियम 8 (6) की शर्तों के साथ सुरक्षाहित अधिनियम 2002 के प्रवर्तन और प्रतिभूतिकरण और वित्तीय सम्पत्तियों के विनिर्माण के अन्तर्गत अचल सम्पत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री की सूचना।

एतद् द्वारा सार्वजनिक सूचना हेतू और ऋणदाता(ों) और ग्रांटर(ों) के विवरणों में सूचित किया जाता है कि निम्न निर्धारित अचल सम्पत्ति बंधक/चार्जड सिक्योरड क्रैडिटर, आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा **फिजीकल कब्जा** 'जैसे है जहां है', 'जैसे है क्या है' और 'जो भी है वहां है' के आधार पर निम्न के अन्तर्गत दिए संक्षिप्त विवरणों अनुसार बिक्री की जाएगी।

क्र. सं.	ऋणदाता(ों)/सह ऋणदाताओं/ग्रांटरों/कानूनी वारिसों के नाम, ऋण खाता नं.	सुरक्षित सम्पत्ति(ों) के साथ ऋणभार का विवरण यदि कोई हो	बकाया राशि	आरक्षित कीमत जमा धरोहर राशि	जांची गई सम्पत्ति की तिथि एवं समय	निलामी की तिथि एवं समय
(क)	(ख)	(ग)	(घ)	(ङ)	(च)	(छ)
1.	कमल अरोड़ा (ऋणदाता) कांता अरोड़ा (सह-ऋणदाता) Loan Account No. LHPTU00001315187	संपत्ति संख्या डब्ल्यूजैड 32 और 33 के ऊपरी भूतल पर, खसरा नं. 67/23 एवं 78/3 गांव हसतल, कालोनी अब ओम विहार फेज-III, उत्तम नगर नई दिल्ली-110059 से जानी जाती है।	रु. 30,75,690/-, 16, मई 2024	रु. 31,54,167/- रु. 3,15,420/-	18 जून 2024 को प्रात: 11 बजे से सायं 3.00 बजे तक	28 जून 2024 को सायं 02:00 बजे से सायं 03.00 बजे तक

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेंसी **ग्लोब टैक** की वेबसाइट (**यूआरएल लिंक- https://BestAuctionDeal.com**) पर आयोजित की जाएगी। गिरवी रखने वालों को नोटिस **27 जून, 2024 तक सायं 5.00 बजे** से पहले अतिरिक्त ब्याज के साथ कुल देय राशि का भुगतान करने का अंतिम मौका दिया जाता है अन्यथा इन सुरक्षित संपत्तियों को उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

संभावित बोलीदाताओं को **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** में बयाना राशि जमा (ईएमडी) आरटीजीएस/ डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कॉलम ई देखें) **या 27 जून, 2024 सांय 4:00 बजे** से पहले जमा करना होगा। संभावित बोलीदाता(ों) पंजीकरण फार्मों और बोली के नियम एवं शर्तों की हस्ताक्षरित प्रति **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड, ग्राउंड फ्लोर, बी-1/4, कम्युनिटी सैंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058** में या **27 जून, 2024 को सायं 05.00 बजे से** पहले जमा की जा सकती है। बयाना राशि जमा डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) एक राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से '**आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड-नीलामी**' के पक्ष में **उत्तम नगर** में देय होना चाहिए।

निरीक्षण, नीलामी के नियम और शर्तों या निविदा जमा करने के संबंध में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, कृपया **आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड से 9920807300** या अन्य सेल्ज एंड मार्केटिंग पार्टनर **NexXen Solutions Private Limited** से संपर्क करें।

प्राधिकृत अधिकारी बिना कोई कारण बताए किसी या सभी बोलियों को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया देखें **https://www.icicihfc.com/**

तिथि: मई 25, 2024
स्थान: उत्तम नगर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनेंस कंपनी लिमिटेड